23/5/24 पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित।
विपक्षीगण के सम्मन तामिलशुदा प्राप्त
जिसे शामिल पत्रावली किया जाता है।
पत्रावली वास्ते विपक्षीगण के जवाब हेतु
आईन्दा दिनांक 25/6/24 को पेश हो।

25/6/24 पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित।
पत्रावली वास्ते विपक्षीगण के जवाब
हेतु आईन्दा दिनांक 20/06/2024 को
पेश हो।

20/06/24 पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित।
पत्रावली वास्ते विपक्षीगण को जवाब हेतु
अंतिम अवसर दिया जाकर पत्रावली आईन्दा
दिनांक 23/7/24 को पेश हो।

23/7/24 पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण
को जवाब के अनेक अवसर देने के बावजूद भी
कोई जवाब नहीं दिया गया। अतः उनका जवाब बंद
किया जाता है। वकील प्रार्थी ने बहस सुनने का
निवेदन किया। वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई।
बहस पर मनन किया गया। पत्रावली का अध्ययन,
अवलोकन किया गया। जिससे प्रतीत होता है कि
प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है।
अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र न्यायहित में स्वीकार
किया जाता है। तत्संबंधी निर्णय अलग से लिखा
जाकर शामिल पत्रावली किया जाता है। पत्रावली
फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। संख्या से
एक कम हो।

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा जिला बाड़मेर

**राजस्व आवेदन सं. 46/2024 अन्तर्गत धारा 111,128 एल.आर.एक्ट**

श्यामसिंह बनाम सखीमौहमद वगैरा

पीठासीन अधिकारी –श्री विरेन्द्रसिंह II, RAS

प्रार्थी वकील – श्री शाकर खान

**निर्णय** दिनांक – 23/07/2024

प्रस्तुत प्रकरण में संक्षिप्त मे तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र मे कथन किया है कि तहसील सेड़वा पटवार क्षेत्र सेड़वा भू.अ.नि. क्षेत्र सेड़वा के मौजा सेड़वा के खेत खसरा संख्या 1547/439 रकबा 0.1618 हैक्ट व खसरा संख्या 1549/440 रकबा 2.9138 हैक्टर कुल रकबा 3.0756 हैक्टर किस्म बारानी सोयम स्थित है। प्रार्थी के खेत के पास विप्रार्थीगण उक्त खातेदारी भूमि के पडोसी है। जिनके खेत प्रार्थी के खेत के पडोस में स्थित होने के कारण बरसात के समय वक्त काश्त अक्सर विप्रार्थीगण सेढो को लेकर विवाद करते रहते है। प्रार्थी एवं विप्रार्थीगण के मध्य सीमा को लेकर विवाद बना रहता है। इस कारण प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमि का सीमाज्ञान करवाकर पत्थरगड्डी पेमाईश एवं नेखमबन्दी करवाना चाहते है। प्रार्थी ने पेमाईश एवं नेखमबन्दी करने का निवेदन किया है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज कर विप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। विप्रार्थीगण के नोटिस बाद तामिल प्राप्त हुए। लेकिन कोई उपस्थित नहीं हुआ, अतः उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई। जिससे स्पष्ट होता है कि प्रार्थी के वक्त काश्त प्रार्थी व विप्रार्थीगण के मध्य सीमाओ को लेकर विवाद बना रहता है, इस कारण प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमी की पेमाईश एवं नेखमबन्दी करवाना चाहते है। प्रार्थी विवादित भूमि के खातेदार काश्तकार राजस्व रेकर्ड मे दर्ज होने के कारण प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया की जाकर वादग्रस्त भूमि तहसील सेड़वा पटवार क्षेत्र सेड़वा भू.अ.नि. क्षेत्र सेड़वा के मौजा सेड़वा के खेत खसरा संख्या 1547/439 रकबा 0.1618 हैक्ट व खसरा संख्या 1549/440 रकबा 2.9138 हैक्टर कुल रकबा 3.0756 हैक्टर किस्म बारानी सोयम की नेखमबन्दी करने का आदेश दिया जाता है। नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार सेड़वा को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीश्नर को निर्देश दिये जाते है कि वो दोनो पक्षो के रूबरू किसी मुस्तकील/स्थाई बिन्दु को आधार मानकर पैमाईश करे व भूमापक कर्ता को यह भी निर्देश दिये जाते है कि किसी सक्षम न्यायालय से स्थगन आदेश न हो तो वो दोनो पक्षो के रूबरू विवादित भूमि की मौके की स्थिति व कब्जे काश्त मे परिवर्तन किये बिना मुस्तकील/स्थाई बिन्दु को आधार मानकर पेमाईश करे व नेखमबन्दी कर पालना रिपोर्ट पेश करे वक्त पेमाईश हल्का पटवारी को साथ रखे। नेखमबन्दी के दौरान किसी बिन्दु को लेकर विवाद की स्थिति हो तो नेखम स्थापित नहीं किये जावे और उसकी मौका स्थिति की रिपोर्ट पेश करे। तहरीर जारी हो। तहसीलदार सेड़वा को आदेश दिया जाता है कि वे प्रार्थी के खसरें की नेखमबन्दी विप्रार्थीगण की उपस्थिति में करावें एवं नेखमबन्दी के दौरान विप्रार्थीगण के हितों पर कुठाराघात न हो।

पत्रावली पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर पेश हो पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 23/07/24 को न्यायालय के खुले परिसर में सुनाया गया।

23/07/24

(विरेन्द्रसिंह भाटी, RAS)
उपखण्ड अधिकारी
सेड़वा

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा जिला बाड़मेर

| प्रार्थी | | विप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| 1. श्यामसिंह पुत्र देरावरसिंह जाति राजपुत, निवासी रामसर, तहसील रामसर, जिला बाड़मेर | बनाम | 1. सखीमौहमद पुत्र गुलु 2. बरकतअली पुत्र गुलु जाति मुसलमान, निवासी सेड़वा, तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर। |

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राज.भू. राजस्व अधिनियम वास्ते नेखमबंदी बाबत्।**

राजस्व आवेदन संख्या 46/2024 दिनांक : 23/07/2024

**आदेश**

तहसीलदार सेड़वा को भेजकर लेख है कि उपरोक्त प्रकरण में तहसील सेड़वा पटवार क्षेत्र सेड़वा भू.अ.नि. क्षेत्र सेड़वा के मौजा सेड़वा के खेत खसरा संख्या 1547/439 रकबा 0.1618 हैक्ट व खसरा संख्या 1549/440 रकबा 2.9138 हैक्टर कुल रकबा 3.0756 हैक्टर किस्म बारानी सोयम के चारों तरफ पक्के नेखम स्थापित करने हेतु तहसीलदार सेड़वा को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त विवादित भूमि की पेमाईश आप अपने स्तर पर टीम गठित कर दोनों पक्षों को विधि को विधि सम्मत नोटिस के जरिये सूचित कर यदि किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश न हो तथा नेखमबंदी की पालना 15 दिवस में अवश्य पेश करें। नेखमबंदी के दौरान किसी बिन्दु पर किसी प्रकार निर्माण होने की स्थिति में उस बिन्दु पर नेखम स्थापित नहीं किया जावे और उसकी मौका स्थिति की रिपोर्ट पेश करे। तहसीलदार दोनों पक्षों को नोटिस जारी करने के उपरान्त ही नेखमबंदी की कार्यवाही करेंगें।

नेखमबंदी के दौरान विप्रार्थीगण के हितों पर कुठाराघात न हों। आवश्यकता होने पर संबंधित पुलिस थाना से इमदाद हेतु अधिकृत किया जाता है।

o/c 23/7/24
(विरेन्द्रसिंह भाटी, RAS)
उपखण्ड अधिकारी
सेड़वा

क्रमांक/भू.अ./2024/2331-34 दिनांक 24/07/2024

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ–

1. तहसीलदार सेड़वा।
2. प्रार्थी श्यामसिंह पुत्र देरावरसिंह।
3. विप्रार्थी सखीमौहमद पुत्र गुलु वगैरा।
4. थानाधिकारी पुलिस थाना सेड़वा/चौहटन/बाखासर/बीजराड़/धोरीमन्ना/धनाऊ।

o/c 23/7/24
उपखण्ड अधिकारी
सेड़वा